तापमान
अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 10.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 5 मार्च 2025

12 एडीसी ने परीक्षा केंद्रों का मुआयना कर जांची व्यवस्थाएं



12 खुश रहना एक कला, इसका करना पड़ता है रोज अभ्यास





## खबर संक्षेप

### चोरों ने तीन किसानों के ट्यूबवेल से चुराई मोटरें

**यमुनानगर।** गांव खुर्दी में चोरों ने तीन किसानों के ट्यूबवेल से मोटरें चोरी कर ली। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानाकरी के अनुसार गांव खुर्दी निवासी विजेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शाम को वह खेतों से काम करके अपने घर आ गया था। सुबह जब वह खेतों में गया तो ट्यूबवेल के कमरे का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर से मोटर गायब थी। उसने मोटर की काफी तलाश की लेकिन कुछ भी पता नहीं चला।

### आर्य समाज स्थापना दिवस पर कार्यक्रम 8 से

**रादौर।** आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य व आर्य समाज रादौर के वार्षिकोत्सव के रूप में रादौर में विशाल आर्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आर्य समाज रादौर के प्रचार मंत्री अमित कांबोज, मंत्री प्रदीप चौधरी व अरविंद नागपाल ने बताया कि शनिवार 8 व 9 मार्च को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक व दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आर्य समाज भवन रादौर में विशाल आर्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। भव्य कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजनोपदेशक व आर्य समाज के प्रसिद्ध विद्वान अपने विचार रखेंगे। दो दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

### युवती को कर रहा था परेशान, युवक पर केस

**यमुनानगर।** शहर के कांसापुर में एक युवक काफी दिनों से युवती का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कांसापुर निवासी 26 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी कॉलोनी का ही अशोक कुमार काफी दिनों से उसका पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। आरोपी को जब भी मौका मिलता वह उसके साथ छेड़छाड़ करता। उसने कइंं बार आरोपी को समझाने का प्रयास किया लेकिन अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। आरोपी ने उसका लैंगिग उत्पीड़न करना शुरू कर दिया।

### लालच देकर व्यक्ति से ठगे 5.11 लाख रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने शेयर बाजार में पैसे इंवेस्ट करवाकर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर हनुमान गेट जगाधरी निवासी सर्वेश्वर प्रकाश से पांच लाख 11 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। हनुमान गेट जगाधरी निवासी सर्वेश्वर प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नवंबर 2024 में उनके व्हाट्सएप पर एक लिंक आया था। उसने जब लिंक पर क्लिक किया तो वह एक ग्रुपप से जुड़ गया।

### कैंटर पलटने से बाइक सवार युवक की मौत

**यमुनानगर।** जिले के कैल कलानौर बाइपास हाइवे पर जाट चौक के पास हाइवे के किनारे खड़े बाइक सवार युवकों पर खीरे से लदा कैंटर पलट गया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। उसका साथी घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कुरुक्षेत्र के गोविंदगढ़ निवासी रिंकू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह लोहे की अलमारी बनाने का काम करता है। उसके साथ ही गांव फतेहगढ़ निवासी गोविंद कुमार भी काम करता है। सोमवार रात को वह दोनों बाइक पर गांव भंभौल जा रहे थे। जब वह कैल कलानौर बाइपास हाइवे पर जाट चौक के पास पहुंचे तो वह हाइवे के किनारे रूक गए। इस दौरान तेज गति से आ रहे कैंटर ने उनको टक्कर मार दी। कैंटर में खीरे भरे हुए थे। टक्कर लगने से कैंटर अनियंत्रित होकर उसके दोस्त गोविंद के ऊपर पलट गया। हादसे में वह दोनों घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें कैंटर के नीचे से बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती करवाया।

---

### उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर जांची व्यवस्था

# नकल करने और कराने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा

- नकल मुक्त परीक्षा कराना प्रशासन का दायित्व, केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए
- कई जगहों पर नकल की शिकायत मिलने के बाद रखी जा रही विशेष सावधानी



**यमुनानगर।** एक परीक्षा केंद्र के औचक निरीक्षण के दौरान परीक्षार्थी के प्रश्नपत्र की जांच करते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की परीक्षाओं को पूरी तरह से नकल रहित संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है।

मंगलवार को उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मॉडल कॉलोनी, मॉडल टाउन और यमुनानगर शहर के कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जगाधरी के एसडीएम सोनू राम, डिप्टी डीईओ शिव कुमार धीमान भी उनके साथ मौजूद रहे।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने औचक निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को पूर्णतः नकल मुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नकल मुक्त परीक्षा कराना प्रशासन का दायित्व है । इसलिए परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने परीक्षाओं में ड्यूटी कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों को कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति नकल करने, कराने या इसमें मदद करने की कोशिश करता पाया जाएगा तो उसके खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन इस दिशा में पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है और परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रखी जा रही है।

#### परीक्षा केंद्रों पर है कड़ी नजर

उपायुक्त ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर अपने अपने क्षेत्र में सभी एसडीएम को नकल रहित परीक्षा संचालन की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित एसडीएम परीक्षा केंद्रों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। नकल रहित परीक्षाएं पूरे जिले में सुनिश्चित की जा रही हैं। जिले में नकल मुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सात फ्लाइंग स्क्वायड की टीमें पूरी सक्रियता से कार्य कर रही हैं। इनमें एक डीसी की टीम, चार टीमें एसडीएम, एक टीम डीईओ और एक टीम हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की शामिल हैं।

#### अनुचित गतिविधि का नहीं है कोई स्थान

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि परीक्षा उनकी मेहनत और योग्यता का आकलन करने का माध्यम है। इसमें किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्ची मेहनत और ईमानदारी से दी गई परीक्षा ही भविष्य को उज्जवल बनाती है। जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से निडर होकर और पूरी ईमानदारी के साथ परीक्षा देने की अपील की।

---

# ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का ब्यौरा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 20 तक दें

### डीसी का किसानों को फसलों के नुकसान का ब्यौरा दर्ज करवाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



जिला में गत दिनों हुई ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का ब यौ रा किसानों को 20 मार्च तक ई.क्ष तिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करवाया जाना जरुरी है। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला में जिन किसानों की ओलावृष्टि के कारण रबी की फसलों का जो नुकसान हुआ है उन किसानों को मुआवजा देने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा ई.क्षतिपूर्ति पोर्टल बनाया गया है। उस पोर्टल पर किसान अपनी खराब फसल का ब्यौरा 20 मार्च तक दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले में जिन किसानों की ओलावृष्टि के कारण 28 फरवरी व 1 मार्च को रबी की फसलें नष्ट हुई हैं उसकी भरपाई के लिए ई.क्षतिपूर्ति पोर्टल बनाया गया है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिन भी किसानों की फसल भारी वर्षा व ओलावृष्टि के कारण रबी की फसल खराब हुई है वह अपनी फसलों का ब्यौरा ई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 20 मार्च तक अवश्य दर्ज करवा दें। इसके बाद ई.क्षतिपूर्ति पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। अतरू जिन.जिन किसानों की फसलें ओलावृष्टि के कारण नष्ट हुई हैं वे ई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी फसलों का ब्यौरा जल्द से जल्द दर्ज करवाएं।

---

# दो भाइयों ने घर में घुसकर दंपति पर कस्सी और गंडासी से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- खेतों में मेढ़ पर मिट्टी लगाने को लेकर हुआ था झगड़ा

गांव बिजौली में दो भाईयों ने घर में घुसकर दंपत्ति पर कस्सी व गंडासी से हमला कर घायल कर दिया। दोनों घायलों का इलाज यमुनानगर सिविल अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि खेतों में मेढ़ पर मिट्टी लगाने को लेकर यह झगड़ा हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी भाईयों समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बिजौली निवासी नसार ने बिलासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले पड़ोसी मुस्ताक के साथ खेतों में मेढ़ पर मिट्टी लगाने को लेकर झगड़ा हुआ था। उस समय गांव के अन्य लोगों ने उन दोनों में समझौता करवा दिया। मगर इसके बाद आरोपी उससे रंजिश रखे हुए था। नसार ने बताया कि 18 फरवरी को वह अपनी रिश्तेदारी में गया था। इस दौरान मुस्ताक ने अपने भाई रूसतम के साथ मिलकर उनके घर पर आया और उसकी पत्नी के साथ गाली गलौच करके चला गया। उसकी पत्नी ने उसे फोन पर इस बारे बताया। जब वह रिश्तेदारी से घर आया तो दोनों आरोपी उनके घर पहुंचे। आरोपियों ने हाथों में गंडासी व कस्सी पकड़ी हुई थी। आरोपियों ने आते ही उस पर हमला कर दिया। जब उसकी पत्नी उसे बचाने लगी तो आरोपियों ने उस पर भी हमला कर उसे भी घायल कर दिया। वह दोनों लहुलुहान होकर नीचे गिर गए। शोर सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। परिवार के अन्य सदस्यों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

---

### डीएवी गर्ल्स कॉलेज कार्यक्रम का आयोजन

# स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए पढ़ाई के साथ इंटर्नशिप जरूरीः डॉ. कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर के फैक्लिटी डवलेपमेंट सेल की ओर से छात्राओं की इंटर्नशिप के प्रति जागरूक करने के लिए मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर व फैक्लिटी डवलेपमेंट सेल कनवीनर डॉ. मीनाक्षी सैनी ने की। मौके पर गणित विभाग अध्यक्ष कनिका गोयल व कंप्यूटर साइंस विभाग अध्यक्ष मनिका सेठी ने नई शिक्षा नीति के तहत छात्राओं की इंटर्नशिप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने कहा कि विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनाने व स्वरोजगार के प्रति जागरूक करने के लिहाज से सरकार ने नई शिक्षा नीति को लागू किया है।



डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रिंसिपल व अन्य।

कॉलेज में शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने टीचर्स से आह्वान किया कि वे क्वालिटी एजुकेशन पर ध्यान दें। छात्राओं को थ्यूरी के साथ प्रैक्टिकल नॉलेज भी प्रदान करें। उन्हें लेटेस्ट टेक्नालॉजी के बारे में बताएं। पढ़ाई के साथ इंटर्नशिप छात्राओं के करियर में मील का पत्थर साबित होगी।

---

### 154 श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान गया था

# पाक स्थित श्रीकटासराज तीर्थ धाम में यात्रा करने गए श्रद्धालुओं का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

पाकिस्तान स्थित श्री कटासराज धाम यात्रा के लिए गया श्रद्धालुओं का जत्था यात्रा पूर्ण कर वापिस स्वदेश लौट आया है। श्रद्धालुओं के जत्थे के वापस लौटने पर रादौर में लोगों ने जोरदार स्वागत किया है। तीर्थ यात्रा दल के संयोजक एवं केंद्रीय सनातक सभा उत्तरी भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार बजाज ने बताया कि 154 श्रद्धालुओं का जत्था श्री कटासराज धाम यात्रा के लिए पाकिस्तान गया था। गत 25 फरवरी को श्रद्धालुओं का जत्था श्री कटासराज धाम पहुंचा था। इसके बाद गत 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का त्योहार श्रद्धालुओं ने धूमधाम से मनाया। श्रद्धालुओं ने अमरकुंड में स्नान किया। रात्रि को श्रद्धालुओं ने दीपमाला व आतिशबाजी का आनंद उठाया।



**यमुनानगर।** पाकिस्तान कटासराज तीर्थ स्थल पर गया श्रद्धालुओं का जत्था यात्रा के दौरान पाक स्थित शाही किले का भ्रमण करते हुए।

गत 27 फरवरी को श्रद्धालुओं के लिए हवन यज्ञ व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन पाकिस्तान सरकार व वहां के वक्फ बोर्ड द्वारा किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को सरोपे भेंट किए गए। शाम को श्रद्धालुओं का जत्था लाहौर के लिए रवाना हो गया।

---

# शिविर में जांचा 200 का स्वास्थ्य व दवाइयां बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सांसद नवीन जिन्दल की ओर से मंगलवार को गांव लाल छप्पर व मॉडल टाउन करहेड़ा में मोबाइल मेडिकल यूनिट स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया। मौके पर 200 मरीजों को परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोबाइल मेडिकल यूनिट की शुरुआत की है। दोनों शिविरों में 200 मरीजों को परामर्श और जांच के बाद निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। 22 लोगों के रक्त एवं यूरिन के टेस्ट भी किए गए। मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से लोगों को खान-पान संबंधित जानकारी भी दी जाती है। सांसद नवीन जिन्दल की ओर से सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।



**यमुनानगर।** लालछप्पर में आयोजित शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करने पहुंची मोबाइल मेडिकल यूनिट।

---

### राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च को, सीजेएम कीर्ति वशिष्ठ ने दी जानकारी

# आपसी सहमति से मामले सुलझाने में कारगर सिद्ध हो रही राष्ट्रीय लोक अदालतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 8 मार्च को न्यायिक परिसर में पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुश्री कीर्ति वशिष्ठ ने दी। प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुश्री कीर्ति वशिष्ठ ने बताया कि पहली राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च को आयोजित की जाएगी। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक मामले, धारा 138 के



लोक अदालत के फैसले उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य कोर्ट में सुनाए गए फैसले की होती

तहत एनआई एक्ट के मामले, बैंक रिकवरी केस, एमएसीटी मामले, वैवाहिक विवाद मामले, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, बिजली और पानी से संबंधित मामले (गैर शमन योग्य मामलों को छोड़कर)वेतन और भत्ते तथा पुनः परीक्षण लाभ से संबंधित सेवा मामले और राजस्व व अन्य सहायक मामले जो कि सुलझाने योग्य हैं इस अदालत में लिए जाएंगे। सीजेएम सुश्री कीर्ति वशिष्ठ ने बताया कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में राष्ट्रीय लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती।

---

### एनएसएस शिविर के दौरान बच्चों ने किया पौधरोपण

**रादौर।** मुकंद लाल नेशनल कॉलेज रादौर में चल रहे सात दिवसीय राष्टीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने पौधारोपण अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी व प्रिंसिपल डॉ.माला शर्मा की देखरेख में बच्चों ने पौधारोपण किया।

बच्चों द्वारा लाए गए पौधों को कॉलेज प्रांगण में रोपित किया गया। इसके बाद डॉ.शिव कुमार सैनी, योगा प्रशिक्षक आयुष विभाग यमुनानगर ने बच्चों को अपने सहायकों रिंपी कांबोज, रोशनलाल के साथ योग व अन्य सहायक गतिविधियों की जानकारी दी।

---

### शिविर में जिला परिषद के सीईओ वीरेंद्र सिंह ढुल ने सुनीं लोगों की समस्याएं

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथा शीघ्र निपटारा करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को लघु सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया। शिविर में जिला परिषद के सीईओ वीरेंद्र सिंह ढुल ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला परिषद के सीईओ वीरेंद्र सिंह ढुल ने कहा कि समस्या समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में मंगलवार को आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए सीईओ वीरेंद्र सिंह ढुल। फोटो : हरिभूमि

जाना जरुरी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं का त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें।

---

**कार्यक्रम** | गुरु नानक खालसा कॉलेज में धूमधाम से आयोजित किया दीक्षांत समारोह

**दीक्षांत समारोह में 450 विद्यार्थियों को प्रदान की डिग्रियां**

# बेहतर कल बनाने के लिए अर्जित किए गए ज्ञान को बनाएं मार्गदर्शकः प्रो. सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के तत्वावधान में गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में भव्य रुप से दीक्षांत समारोह-2025 का आयोजन किया गया। जिसमें गुरु नानक खालसा कॉलेज, गुरु नानक खालसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट व गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी के 450 स्नातकोत्तर व स्नातक विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई। समारोह में मुख्यातिथि के रुप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के गायन के साथ किया गया। मौके पर उपाध्यक्ष मेजर राजिंदर सिंह भट्टी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। मुख्यातिथि एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.सोमनाथ सचदेवा ने विद्यार्थियों



**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में डिग्रियां प्राप्त करने के बाद खुशी जताते हुए विद्यार्थी व अतिथि। फोटो : हरिभूमि

को समझाया कि आज न केवल आपकी शैक्षणिक यात्रा का अंत है। बल्कि यह आशा और जिम्मेदारी से भरे भविष्य की शुरुआत है। आपने जो ज्ञान अर्जित किया है। उसे बेहतर कल बनाने के लिए अपना मार्गदर्शक बनने दें। उन्होंने शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति और उत्कृष्ठता के लिए प्रयास करने के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने गुरु नानक खालसा कॉलेज, गुरु नानक खालसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट व गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी के 450 स्नातकोत्तर व स्नातक विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की कर उन्हें बधाई व शुभकॉमनाएं दी। मौके पर कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने भी सभी स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को बधाई दी। वर्षों से उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण को स्वीकार किया। प्रिंसिपल डॉ. प्रतिमा शर्मा ने हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को उनकी अटूट प्रतिबद्धता और समर्थन के लिए गहरा आभार व्यक्त किया। दीक्षांत समारोह में महासचिव सरदार बलवंत सिंह बंगा, मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ. पीर गुलाम नबी, कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. प्रतिमा शर्मा, जीएनकेआईटीएम के निदेशक डॉ. अमित जोशी, जीजीएससीओपी के प्रिंसिपल डॉ. कुमार गौरव और पूर्व प्रिंसिपल डॉ. मेजर हरिंदर सिंह कंग, जीएनकेसी एलुमनाई एसोसिएशन यमुनानगर के अध्यक्ष सरदार गुरदयाल सिंह निमर और उच्च शिक्षा महानिदेशक पंचकूला से दलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

---



### बुरादा पिसाई फैक्ट्री में आग से लाखों रुपये का नुकसान, दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

**यमुनानगर।** शहर के इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थित बुरादा पिसाई फैक्ट्री में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने से फैक्ट्री में रखा लाखों रुपये का बुरादा व अन्य सामान जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की दर्जन से अधिक गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। फैक्ट्री में स्पार्किंग के कारण आग लगना बताया जा रहा है। दिल्ली निवासी अशोक खरबंदा की इंडस्ट्रीयल एरिया में खरबंदा बुरादा फैक्ट्री नाम से फैक्ट्री है। फैक्ट्री में बुरादा पिसाई का काम होता है। इसके बाद यहां से बुरादा लोड होकर अन्य स्थानों पर सप्लाई होती है। मंगलवार को फैक्ट्री में बुरादा पिसाई का कार्य चल रहा था। इस दौरान अचानक से स्पार्किंग हुई। जिससे फैक्ट्री में आग लग गई। वहां मौजूद कर्मचारियों ने अपने स्तर पर आग बुझाने वाले यंत्रों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग तेज गति से भभकने लगी। कर्मचारियों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग और फैक्ट्री के मालिक अशोक खरबंदा को दी।

## खबर संक्षेप



### मेडिकल शिविर में 126 लोगों ने उठाया लाभ

**पिहोवा।** नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से गांव कमोदा में नवीन संकल्प शिविर लगाया गया। इसमें ग्रामीणों को मेडिकल व सांसद की ओर से चलाई गई अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में 66 मरीजों की ओपीडी जांच की गई। जबकि 14 के लैब टेस्ट हुए। दोपहर बाद डेरा कमोदा में मेडिकल वैन पहुंची। जहां 38 लोगों की स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें दवाइयां दी गई और आठ लोगों के लैब टेस्ट किए गए। कुल 126 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया ।

### कुवि में एक दिवसीय सेमिनार आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वूमैन इन स्टेम फोरम द्वारा 5 मार्च को विश्वविद्यालय के फैकल्टी लॉज में ह्यभविष्य का नवाचारः स्टेम में महिलाएं विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही ह्यविज्ञान कार्निवल पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए केयू विस फोरम की कोऑर्डिनेटर डॉ. अनिता भटनागर ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि डॉ. ममता सचदेवा तथा प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रो. नीलिमा आर. कुमार, पूर्व प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ बतौर मुख्य वक्ता विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम) के क्षेत्र महिलाओं की उल्लेखनीय उपलब्धियों को लेकर अपना विशेष उद्बोधन देंगी।

### एक राष्ट्र, एक चुनाव पर राष्ट्रीय कार्यशाला आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विधि प्रकोष्ठ, विधि संस्थान के सहयोग से, 5 मार्च, 2025 को सीनेट हॉल में प्रातः 10.30 बजे एक राष्ट्र, एक चुनाव पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में विधि संस्थान के संकाय सदस्य एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर शोध पत्र के साथ अकादमिक रूप से योगदान देंगे।

### जीवन में सकारात्मकता बनाए रखने पर दिया जोर



**कुरुक्षेत्र।** एनआईटी कुरुक्षेत्र में थॉट लैब द्वारा एक विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो दीक्षित गर्ग रहें। वार्ता का उद्घाटन प्रो दीक्षित गर्ग को गुलदस्ता प्रस्तुति के साथ हुआ। उसके बाद दर्शकों को उनके प्रेरणात्मक शब्दों का आशीर्वाद मिला। इस कार्यक्रम के वक्ता एनआईटी कुरुक्षेत्र के पूर्व छात्र अमित वर्मा रहे, जिन्हें आईटी क्षेत्र में 9 साल का अनुभव प्राप्त हैं और वर्तमान में वे ओरेकल इंडिया में सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर कार्यरत है।

## नप थानेसर चुनाव : अग्रसेन स्कूल सेक्टर 13 में बनाया मतगणना केन्द्र

# मतों की गणना 12 मार्च को ड्यूटी मजिस्ट्रेट किए नियुक्त

*इस्माइलाबाद उप चुनाव को लेकर बीडीपीओ कार्यालय इस्माइलाबाद में ईवीएम को स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था में रखा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर परिषद थानेसर आम चुनाव 2025 की मतगणना के कार्य को पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है। इस आम चुनाव के मतों की गणना का कार्य 12 मार्च को सुबह 8 बजे से शुरू होगा। इस मतगणना के लिए अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर 13 को मतगणना केन्द्र बनाया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने जारी आदेशों में कहा है कि नगर परिषद थानेसर 2025 में चेयरपर्सन और 30 पार्षदों की मतों की गणना का कार्य अग्रसेन पब्लिक स्कूल में किया जाएगा। इस स्कूल में ईवीएम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखी गई है और 24 घंटे पुलिस फोर्स निगरानी रखें हुए है। इसके अलावा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के लिए बागवानी विभाग के विकास अधिकारी श्याम सिंह, धुराला से एई प्रदीप कुमार व श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के अधीक्षक रामनिवास को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। यह तीनों ड्यूटी मैजिस्ट्रेट अलग-अलग शिफ्टों में ड्यूटी देंगे। इसके अलावा वैटनरी सर्जन डा. विशाल व एसडीओ राकेश कुमार को रिर्जव में ड्यूटी मैजिस्ट्रेट रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस्माइलाबाद उप चुनाव को लेकर बीडीपीओ कार्यालय इस्माइलाबाद में ईवीएम को स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है। यहां पर भी ठसका मीराजी में नियुक्त वैटनरी सर्जन डा. आशुतोष सांगवान, बागवानी विभाग के विकास अधिकारी अंकुश काम्बोज व एसएमएस विजय पाल को डयूॅटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। यह सभी डयूटी मैजिस्ट्रेट अलग-अलग शिफ्टों निर्धारित शैडयूल के अनुसार डयूटी देंगे। इसके अलावा धुराला से एसएससी से एडी प्रदीप कुमार व शाहबाद शुगर मिल से सहायक गन्ना विकास अधिकारी बलजिन्द्र सिंह को रिर्जव में डयूटी मैजिस्ट्रेट लगाया है। उन्होंने कहा कि ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्ट्रांग रूम में रखा गया है। यहां पर थ्री टायर सुरक्षा के इंतजाम किए गए है। इन चुनावों में नप थानेसर के लिए मतों की गणना अग्रसेन पब्लिक स्कूल में होगी। इस स्कूल में केवल उन्हीं लोगों को प्रवेश दिया जाएगा, जिनकों नियमानुसार पहचान पत्र जारी किया गया होगा।



**कुरुक्षेत्र।** वार्ड 32 से सर्व सम्मति से बने सुधीर कुमार चुघ को प्रमाण पत्र देते रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच।



**कुरुक्षेत्र।** वार्ड 7 से सर्वसम्मति से चुनी पार्षद निशा रानी को प्रमाण पत्र देते रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच।

### सर्वसम्मति से बने 2 पार्षदों को दिया प्रमाण पत्र

नगरपरिषद थानेसर आम चुनाव 2025 के तहत थानेसर के वार्ड नंबर 7 और वार्ड नंबर 32 में 2 पार्षदों को सर्वसम्मति से चुना गया है। इन दोनों पार्षदों को रिटर्निंग अधिकारी एवं डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने नियमानुसार प्रमाण पत्र सौंपा है। थानेसर नगर परिषद के रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच ने मंगलवार को नए लघु सचिवालय डीएमसी कार्यालय में वार्ड 7 से सर्वसम्मति से चुनी पार्षद निशा रानी व वार्ड 32 से सर्व सम्मति से बने सुधीर कुमार चुघ को प्रमाण पत्र दिया है। इसके अलावा रिटर्निंग अधिकारी ने नियमानुसार तमाम औपचारिकताओं को भी पूरा करवाया है। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सर्वसम्मति से बने पार्षद निशा रानी व सुधीर कुमार चुघ को बधाई व शुभकामनाएं दी है। इस मौके पर समाजसेवी टोनी मदान आदि उपस्थित थे।



### डीटीपी की टीम ने अवैध कॉलोनी में की तोड़फोड़

**कुरुक्षेत्र।** जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार शाहबाद में राजस्व संपदा शाहबाद के गांव जंदहेडी में लगभग 2.5 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राजस्व संपदा शाहबाद के गांव जंदहेडी में एक अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने राजस्व संपदा शाहबाद के गांव जंदहेडी में लगभग 2.5 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी में कच्ची सडकों, डीपीसी व कंट्रोल एरिया में एक अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा शाहबाद के गांव जंदहेडी में लगभग 2.5 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्टद्ध करने का काम किया गया है।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ 6 को

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र तथा विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, हरियाणा के सहयोग से उच्च शिक्षा में नियमित, ऑनलाइन एवं ओडीएल विधियों के अभिसरण तथा प्रौद्योगिकी एकीकरण पर आईसीएसआर द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ 6 मार्च को प्रातः 11 बजे कुवि के फैकल्टी लॉज में होगा। यह जानकारी देते हुए दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र व सेमिनार की निदेशिका प्रो. मंजूला चौधरी ने बताया कि दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में होगा जिसमें हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश मुख्य अतिथि होंगे।

## नेशनल हाईवे 152डी पर बंद लाइटों को चालू करवाने के लिए लिखा पत्र

- अंधेरा होने से रोड पर चलने वाले लोगों को हो रही परेशानी
- सांसद जिंदल ने केंद्रीय मंत्री से समाधान की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा




नेशनल हाइवे 152 डी गंगहेड़ी नारनौल पर गांव मुर्तजापुर के निकट कुरुक्षेत्र रोड कट के नजदीक बंद पड़ी लाइटों को दोबारा चालू करने के लिए सांसद नवीन जिंदल ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजा है। पत्र के माध्यम से सांसद ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराते हुए कहा कि गंगहेड़ी से नारनौल तक जाने वाला 152 डी हाइवे मुख्य मार्ग है। इस पर पिहोवा कुरुक्षेत्र के लिए उतरने वाले एग्जिट प्वाइंट के आसपास की सभी लाइटें बंद पड़ी हैं। इससे वाहन चालक भ्रमित होकर रास्ता भटक जाते हैं और रात के समय वे आगे निकल जाते हैं। अंधेरा होने से इस रोड पर चलने वाले लोगों को बेहद परेशानी हो रही है। सांसद ने पत्र के माध्यम से यहां संकेतक लगाने की मांग भी केंद्रीय मंत्री से की है। गौरतलब है कि आसपास के गांवों के लोगों ने सांसद जिंदल से मांग करते हुए कहा था कि हाइवे के नीचे बने दोनों चौकों के आसपास और ऊपर की लाइटिंग काफी समय से बंद है। जिससे अंधेरा रहता है। अंधेरे के चलते रात में यहां से गुजरते समय वाहन चालक असुरक्षा का भाव भी महसूस करते हैं और कई बार रास्ता भटकने के कारण वे आगे निकल जाते हैं। ग्रामीणों की मांग पर सांसद जिंदल ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर समस्या का हल निकालने की मांग रखी है।

### केयू ने जारी की वार्षिक परीक्षाओं में फार्म भरने की अधिसूचना

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार परीक्षा शाखा द्वारा यूजी एवं पीजी (वार्षिक) परीक्षा मई-जून 2025 में आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए फार्म भरने की अधिसूचना जारी की गई है। यह जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि यूजी एवं पीजी (वार्षिक) प्राइवेट के लिए फुल पेपर, रीअपीयर, कंपार्टमेंट, एडिशनल, इंप्रूवमेंट, पूर्व छात्र के लिए परीक्षा फॉर्म और शुल्क जमा करने के लिए आईयूएमएस पोर्टल मई-जून 2025 परीक्षाओं हेतु 5 मार्च 2025 से खोला जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसे छात्र पोर्टल के माध्यम से 04 अप्रैल तक बिना विलम्ब शुल्क अपने परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे।

## महिला सरपंच ने अधिकारी पर लगाया अकेले मिलने व रिश्वत लेने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपकर कार्रवाई की लगाई गुहार

शाहाबाद के गांव की महिला सरपंच ने जिला के एक अधिकारी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। सरपंच ने अपने साथी सरपंचो के साथ उपायुक्त कुरुक्षेत्र और पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र को बीडीपीओ शाहबाद की शिकायत सौंपी और जल्द कार्रवाई करने की गुहार लगाई। उधर, इस मामले में शाहाबाद सरपंच एसोसिएशन के सदस्य भी इकट्ठा हुए और प्रशासन को चेताया कि अगर जल्द आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो सीएम नायब सैनी ने मुलाकात करेंगे और बीडीपीओ के खिलाफ कार्रवाई करवाएंगे। शिकायत में सरपंच ने बताया कि उनके सरपंच चुने जाने के बाद गांव के कुछ लोगों ने एक पीडब्लयूडी का पेड़ और 2 अन्य निजी पेड़ छांग दिए, जिसकी शिकायत पूर्व सरपंच विनोद कुमार ने प्रशासन को की। उसके बाद शाहबाद के बीडीपीओ ने मुझे अपने कार्यालय में बुलाया और मामले को रफा-दफा करने के लिए एक लाख रूपए की मांग की, जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग उसने शिकायत के साथ दी है।

### आरोपों को किया खारिज

बीडीपीओ नरेंद्र ढुल ने सरपंच एंव सरपंच पति द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत यारा के खिलाफ बरगद का पेड़ काटने के सम्बन्ध में एक शिकायत सीएम विंडो को शिकायतकर्ता ने दी थी। जिसकी जांच के लिए सरपंच ग्राम पंचायत यारा को 3 मार्च को दोपहर 2:00 बजे खंड कार्यालय में बुलाया गया था। महिला सरपंच होने के कारण मैंने उसके पति को जांच में बैठने की अनुमति दी। लेकिन जैसे ही जांच शुरू हुई, तो सरपंच का पति मेरे साथ दुर्व्यवहार करने लगा और मुझ पर एक लाख रुपये रिश्वत लेने का झूठा आरोप लगाने लगा और कहने लगा कि आपको सरपंचों को निलंबित करवाने की आदत हो गई है। बीडीपीओ ने बताया कि उन्होंने शाहाबाद पुलिस चौकी में भी सरपंच पति के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने व मुझे जान से मारने की धमकी देने की शिकायत सौंपी है। शाहाबाद पुलिस चौकी में जांच अधिकारी जिया राम ने कहा कि शिकायत मिली है और जल्द ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## नगर परिषद कर्मियों ने बच्चों को दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



सेक्टर-3 स्थित किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में नगर परिषद के कर्मचारियों ने प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता संबंधी विचार साझा किए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को कूड़ा प्रबंधन की सही प्रक्रिया समझाते हुए बताया कि हर घर में तीन तरह के कूड़ेदान होने चाहिए। नीला कूड़ादानः सूखे कचरे के लिए। हरा कूड़ादानः गीले कचरे के लिए। पीला कूड़ादानः अन्य कचरे के लिए। कर्मचारियों ने बच्चों को समझाया कि यदि गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग किया जाए, तो गीले कचरे से खाद बनाई जा सकती है, जबकि सूखे कचरे को रिसाइकिल कर नई वस्तुएं बनाई जा सकती हैं। विद्यालय प्रबंधक परमिंदर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने घर, स्कूल और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि हर नागरिक स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना ले, तो हमारा समाज अधिक स्वस्थ और सुंदर बन सकता है। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

## विकसित भारत युवा संसद के तहत एक मिनट का वीडियो करना होगा अपलोड

- विकसित भारत युवा संसद 2025 कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बनाई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मंगलवार को 18 व 19 मार्च को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले विकसित भारत युवा संसद 2025 कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रूपरेखा बनाई गई। बैठक में जानकारी देते हुए प्रो. एआर चौधरी ने बताया कि भारत सरकार के निदेर्शानुसार इस वर्ष राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव को विकसित भारत युवा संसद के रूप मनाया जा रहा है, जो कि विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत युवा संसद 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा व्यक्त किए गए दृष्टिकोण को मूर्त रूप देती है, जब उन्होंने देश को आगे ले जाने के लिए एक लाख युवा नेताओं के उभरने का आह्वान किया था। प्रो. एआर चौधरी ने बताया कि विकसित भारत युवा संसद के आयोजन का उद्देश्य जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विचार-विमर्श के माध्यम से 18-25 वर्ष की आयु के युवाओं की सोच एवं राय को प्रदर्शित करना है। विकसित भारत युवा संसद अभियान को लेकर कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कमेटी का भी गठन किया गया। कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर डॉ. आनन्द कुमार ने बताया कि विकसित भारत अभियान को लेकर 18 से 25 वर्ष की आयु के युवाओं को 1 मिनट की वीडियो बनाकर माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करने के बाद अपलोड करनी होगी। जिसके विश्लेषण के बाद 150 अच्छी वीडियो बनाने वाले प्रतिभागियों को केयू में 18-19 मार्च को होने वाले कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रम में 10 युवाओं को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा जो भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम में प्रतिभागिता करेंगे।

## सुरजेवाला हरियाणा कांग्रेस को फिर से बना सकते हैं सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



मधुसूदन बवेजा।

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य, कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला को यदि हाईकमान हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त करती है तो ये सभी नेताओं को साथ लेकर चलने का काम कर सकते हैं। रणदीप सुरजेवाला अपनी मृदुल भाषा से सभी को साथ लगाने का भली भांति काम कर सकते हैं। उनकी आम कार्यकर्ता तक पूरी पकड़ हैं और वे 36 बिरादरियों के हरमन प्रिय नेता है। वे हर बिरादरी को साथ लेकर चलते है। वे एक बेदाग, बेपाक और निडर नेता होने के कारण भाजपा सरकार को अच्छी तरह से बेनकाब करने का काम कर सकते हैं। इससे पहले जब रणदीप सुरजेवाल ने युवा कांग्रेस के अध्यक्ष के तौर पर काम किया तो लाखों युवाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ा और देश व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी। हरियाणा में मंत्री रहते हुए हरियाणा की जनता के सामूहिक काम किए और युवाओं को रोजगार दिए। बवेजा ने कहा कि कांग्रेस के एक विशेष नेता ने हरियाणा कांग्रेस में कांग्रेस का संगठन ही नही बनाया और कांग्रेस पार्टी का सर्वनाश कर दिया।

## दिव्यांगजनों को यंत्र देने के लिए लगाए जाएंगे पंजीकरण शिविर : नेहा सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी एलिम्को संस्था के सहयोग से जिले में जरूरतमंद दिव्यांग व्यक्तियों के लिए ब्लॉक स्तर पर मूल्यांकन व पंजीकरण शिविर का आयोजन करेगी। यह शिविर 24 मार्च से 29 मार्च 2025 तक किया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि इस शिविर के तहत 24 मार्च को शाहबाद के माता शाकुंभरी देवी मंदिर में दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र और बैसाखी आदि उपकरण करवाए जाएंगे, 25 मार्च को लाडवा के बीडीपीओ कार्यालय में, 26 मार्च को बाबैन के बीडीपीओ कार्यालय में, 27 मार्च को पिहोवा नगरपालिका कार्यालय में, 28 मार्च को इस्माइलाबाद के बीडीपीओ कार्यालय में, 29 मार्च को थानेसर के रेडक्रॉस भवन में दिव्यांगजनों को उपकरण करवाए जाएंगे। रेड क्रॉस सचिव डा. सुनील कुमार ने कहा कि इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए अपना पंजीकरण करवाए तथा शिविर में अपने साथ परिवार पहचान पत्र, दिव्यांगता दशार्ने वाली फोटो, आधार कार्ड की प्रति, सीएमओ या सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र, तहसीलदार व नायब तहसीलदार सभी निर्धारण शिविरों के दौरान मौके पर आय रिहायशी प्रमाण पत्र जारी करने के लिए हल्का सम्बन्धित पटवारी को नियुक्त कर सकते है।

### 1 किलो 19 ग्राम अफीम बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन मे अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप मे प्रेम शंकर वासी धौरेरा मुस्तकिल जिला बरेली उत्तर प्रदेश को काबू करके उसके कब्जे से 1 किलो 19 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला कुरूक्षेत्र को नशा मुक्त बनाने की मुहिम तथा नशीले पदार्थ की रोकथाम में अपराध अन्वेश शाखा-1 के पीएसआई जसबीर सिंह, मुख्य सिपाही पवन कुमार, संदीप कुमार, नरेश कुमार व गाड़ी चालक ईएएसआई ईश्वर सिंह की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में जिंदल चौंक कुरुक्षेत्र के पास मौजूद थी।

**समाधान शिविर** | नगराधीश डा.रमन गुप्ता ने सुनीं नागरिकों की शिकायतें

# 35 में 22 समस्याओं का किया मौके पर निपटारा, अधिकारियों को दिए निर्देश

*शिविर में रोजाना करीब 40 से ज्यादा नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगराधीश डा.रमन गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर आमजन के लिए वरदान साबित हो रहा है। इन समाधान शिविरों के माध्यम से कोई भी नागरिक किसी भी विभाग से सम्बन्धित समस्या को रख सकता है और उनका मौके पर समाधान करवा सकता है। नगराधीश डा. रमन गुप्ता मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासन की तरफ से लगाए गए समाधान शिविर में बोल रहे थे। इससे पहले नगराधीश डा. रमन गुप्ता ने विभिन्न विभागों से संबंधित 7 और क्रिड विभाग से सम्बन्धित 28 समस्याओं को सुना और इनमें से 22 समस्याओं का मौके पर समाधान किया है तथा शेष समस्याओं का समाधान करने के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में सोमवार से लेकर शुक्रवार तक लोगों की समस्याओं को सुनने और उनका मौके पर समाधान करने के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में कोई भी व्यक्ति सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अपनी समस्या अधिकारियों के समक्ष रख सकता है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में रोजाना करीब 40 से ज्यादा नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे है और इन सभी नागरिकों की समस्याओं का समाधान एक छत के नीचे किया जा रहा है,क्योंकि इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते है।




**कुरुक्षेत्र।** समस्याओं का समाधान करते अधिकारी।

